पेज नं. 01

पेज No 1 — Date - 21/2/2026

समाचार पत्र - पत्रिका

शासकीय

सिटी इवेंट: मानकुंवर कॉलेज में आयोजन

# योग्यता के लिए मिला सम्मान



**जबलपुर.** गवर्नमेंट मानकुंवर कॉलेज में स्नेह सम्मेलन उमंग के अंतर्गत शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप दुबे, मुख्य वक्ता डॉ. शिरीष जामदार, विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति थे। समारोह में युवा उत्सव के अंतर्गत वाद-विवाद, भाषण, रूपाकंन, संगीत, स्क्रिप्ट, ड्रामा, माइम, नृत्य एवं स्नेह सम्मेलन की गतिविधियों में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शचि गौतम ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल, स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव, डॉ. नंदिनी भारिल्ल, डॉ. सपना चौहान, डॉ. सुषमा मेहरा, डॉ. तुलिका गौतम, डॉ. उषा कैली, डॉ. एमए आरिफ, डॉ. मनोज प्रियदर्शन का सहयोग रहा।

21/02/2026 —